प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- महाशिवरात्रि का त्योहार देश सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।
- प्रदेश की 14वीं विधानसभा का 11वां बजट सत्र राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ कल दोपहर 2 बजे से शिमला में शुरू।
- किन्नौर जिला में हिम बस कार्ड योजना आम लोगों के लिए बनी मद्दगार।
- पुरूष टी–20 क्रिकेट विश्व 2026 के एक रोमाचंक मुकाबले में आज भारत–पाकिस्तान आमने सामने।

महाशिवरात्रि

आज महाशिवरात्रि का त्योहार देश सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
भगवान शिव के भक्तों के लिए सबसे पवित्र माने जाने वाले इस दिन उपवास, विशेष प्रार्थनाएं और मंदिरों में रात भर पूजा–अर्चना की जाती है। हजारों भक्त शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु तीर्थ स्थलों पर स्नान करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कामना की है कि भगवान शिव सभी देशवासियों और भारत के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करें। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये पर्व लोगों के जीवन में खुशहाली और प्रसन्नता लाएगा।

विधानसभा

हिमाचल प्रदेश की 14वीं विधानसभा का 11वां बजट सत्र कल 16 फरवरी से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ दोपहर 2 बजे से शिमला में शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं। जिसमें वे कांग्रेस व भाजपा विधायक दल से सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने की अपील करेंगे।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की एक बैठक कल सुबह होगी। बैठक में कांग्रेस विधायक दल राजस्व घाटा अनुदान– आर.डी.जी. के मुद्दे पर सत्र के लिए अपनी रणनीति तैयार करेगा वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपा विधायक दल की बैठक सुबह 11 बजे होगी, जिसमें विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने का प्रयास किया जाएगा।

पीएम राहत स्कीम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में किसी भी तरह की सडक पर दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सडक दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज न मिलने के कारण किसी की जान न जाने पाए। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी। देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की मौत तत्काल इलाज न मिल पाने के कारण हो जाती है।

नड्डा दौरा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज हमीरपुर के नेरी में ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान के 111वें जयंती समारोह में शामिल होंगे।

हिम बस कार्ड योजना

किन्नौर जिला में हिम बस कार्ड योजना आम जनता, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के अड्डा इंचार्ज उप निरीक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि इस योजना से जिले में अब तक कुल 5,648 कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस योजना के तहत यात्रियों को बस किराए में 50 प्रतिशत तक की रियायत दी जाती है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी किन्नौर जिला संवाददाता.........................

*हिमाचल पथ परिवहन निगम ;एचआरटीसी के अड्डा इंचार्ज उप निरीक्षक गोपाल सिंह ने बताया कि जिला किन्नौर में हिम बस कार्ड योजना के तहत अब तक कुल 5ए648 ;पांच हजार छह सौ अड़तालीसद्ध कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कल्पा और निचार खण्ड से बड़ी संख्या में लोग हिम बस कार्ड बनवाने आ रहे हैं। दुर्गम व सीमांत जिला किन्नौर में यह योजना आम जनताए विद्यार्थियोंए बुजुर्गों और दैनिक यात्रियों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हो रही है। किराए में आधी छूट मिलने से लोगों के आवागमन खर्च में कमी आई है।* आकाशवाणी शिमला के लिए किन्नौर से मैं समेुश नेगी।

टी–20 क्रिकेट

पुरुष टी–20 क्रिकेट विश्व कप 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में आज कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें अपनी जीत का क्रम जारी रखने के लिए प्रयास करेंगी। 2007 से अब तक टी–20 विश्व कप में दोनों टीमें 8 बार मैच खेली है जिनमें से 7 बार भारत ने जीत दर्ज की है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से होगा। दोनों टीमें दो–दो मैच खेलकर 4–4 अंक पर हैं।

मंडी–शिवरात्रि

इस बीच बड़ा देव कमरूनाग के कल मंडी में आगमन के साथ ही शिवरात्रि महोत्सव में पारम्परिक धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो जाती है। अंतर्राष्ट्रीय मंडी महोत्सव का आयोजन कल से शुरू हो रहा है जो 22 फरवरी तक चलेगा। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे जबकि मेले का समापन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा किया जाएगा।

इस वर्ष का मंडी शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बहुत खास है, क्योंकि 2026 में इस आयोजन के 5 सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता मुनीष—————  ''48''

*देव कमरूनाग के मंडी नगर में आगमन के साथ ही छोटी काशी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और भक्तों के जयकारों के बीच देव कमरूनाग की पालकी जैसे ही मंडी पहुंची, पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। देव कमरूनाग को मंडी जनपद के प्रमुख आराध्य देवताओं में विशेष स्थान प्राप्त है और उनके आगमन को शिवरात्रि उत्सव की शुरूआत का संकेत माना जाता है। इस वर्ष मंडी का शिवरात्रि महोत्सव ऐतिहासिक रूप से बेहद खास है, क्योंकि 2026 में इस आयोजन के 500 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पांच सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी देवसमागम और लोक आस्था का सबसे बड़ा उत्सव बनी हुई है। इस बार मेले में 216 से अधिक देवी—देवताओं को आमंत्रित किया गया है, जो सप्ताह भर मंडी में प्रवास करेंगे।* आकाशवाणी शिमला के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

रेलवे—सुधार

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी के यानी जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट  क्लास कोच की ही तरह की जाएगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में बताया कि इस पहल के तहत शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगे। वैष्णव ने यह जानकारी भी दी कि अब ट्रेन में कम्बल, चादर आदि के वितरण, पैकिंग और सफाई का काम एक ही एजेंसी करेगी।

आज सभी समचार पत्रों ने अलग—अलग ख़बरों को प्रमुखत दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—हिमाचल में मार्किट रेट से कम पर आबंटित नगर निकायों की दुकानों का बढ़ेगा किराया— नई लीज निती लाएगी सरकार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है—जिला के बड़ा देव कमरूनाग पहुंचे मंडी—राज देवता माधो राय से मिले। पंजाब केसरी के शब्द हैं—हिमाचल विधानसभा बजट सत्र से पहले ही पक्ष विपक्ष आक्रामक। दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है —ओपीएस बंद करने के लिए केंद्र बना रहा है दबाव। हिमाचल दस्तक के अनुसार— कल मौसम साफ—17 व 18 फरवरी को बारिश और बर्फबारी के आसार। आपका फैसला के शब्द हैं—हिमाचल प्रदेश के 62 स्कूलों को मर्ज करने की मंजूरी ।

''अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- महाशिवरात्रि का त्योहार देश सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।
- प्रदेश की 14वीं विधानसभा का 11वां बजट सत्र राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ कल दोपहर 2 बजे से शिमला में शुरू।
- किन्नौर जिला में हिम बस कार्ड योजना आम लोगों के लिए बनी मद्दगार।
- पुरूष टी—20 किक्रेट विश्व 2026 के एक रोमाचंक मुकाबले में आज भारत—पाकिस्तान आमने सामने।

——————————————